अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शुक्रवार, 20 मार्च 2026

PAGE NO :IV MIDDLE

एसआरएमएस में खेल महोत्सव आमोद शुरू

खेल महोत्सव 'आमोद का शुभारंभ करते देव मूर्ति। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के फुटबॉल मैदान पर गुरुवार से दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'आमोद 2026' शुरू हो गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि गुड लाइफ हॉस्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये हमें जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करना सिखाते हैं।

पहले दिन कुल 17 खेल स्पर्धाओं का दौर शुरू हुआ, जिसमें एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से संचालित इंजीनियरिंग, मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग संस्थानों के बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। कबड्डी और खो-खो के फाइनल में कांटे की टक्कर देखने को मिली। फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स जैसी आउटडोर स्पर्धाओं के साथ-साथ शतरंज और कैरम जैसे इनडोर खेलों में भी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पहले 'टायरो' क्लब के प्रेसिडेंट स्वास्तिक ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन ट्रस्ट की इवेंट कोऑर्डिनेटर सदफ रसूल ने किया। चेयरमैन देव मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, दिव्यांशी सिंह, कोच अनुज शर्मा, युसुफ अंसारी आदि मौजूद रहे।